
हिन्दी पाक्षिक

# सेमन्या कणवघाटी

RNI No.: UTTHIN/2013/54659

वर्ष-11 अंक-08 हरिद्वार, शुक्रवार, 01 मार्च, 2024 मूल्य-दो रूपया मात्र पृष्ठ-8

## विधानसभा के पटल पर खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के प्रावधान वाला विधेयक पास



**देहरादून ( संवाददता )।** उत्तराखंड विधानसभा में खिलाड़ियों के हित मे एक विधेयक पेश किया गया, जिसमें राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है, ताकि रोजगार के लिए उनका पलायन रुके जिसे विधानसभा के पटक पर खिलाड़ियों के हित में पास किया गया है। प्रदेश सरकार हरियाणा राज्य की तर्ज पर उत्तराखंड में अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता को 5400 ग्रेड पे पर सीधे नौकरी देगी। प्रदेश के अंतराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को 5400 ग्रेड पे पर सीधे नौकरी दिए जाने के विधानसभा के पटल पर हरी झंडी मिल गई है। वहीं खेल मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधे नौकरी मिलने से उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे उत्तराखंड को खेलभूमि के नाम से भी जाना जाएगा। उत्तराखंड पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधे नौकरी देने वाला देश का दूसरा राज्य बन जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में खेल एवं खिलाड़ियों के लिए केंद्र व राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है।आज हमारे खिलाड़ियों ने विश्वस्तर पर भारत देश का मान और सम्मान बढ़ाया है।राज्य सरकार भी खिलाड़ियों के हितों के लिए लगातार काम कर रही है।सरकार द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवर्ती योजना, आउट ऑफ टर्न जॉब की व्यवस्था, खेल मैदानों को सुदृढ करने की व्यवस्था सहित कई अन्य सुविधाएं दी हैं।उन्होंने चार प्रतिशत आरक्षण को लागू किये जाने को लेकर कहा कि यह हमारे खिलाड़ियों के लिए ऐतिहासिक पल है।लंबे समय से हमारे खिलाड़ी सरकारी नौकरी में चार प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे थे जिसके लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किया गया जो कि सफल भी हुआ है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस ऐतिहासिक क्षण की प्रदेश के सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## बजट पारित करने के बाद सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**देहरादून ( संवाददाता )।** उत्तराखंड विधानसभा में सत्र के चैथे दिन वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए करीब 89 हजार करोड़ का बजट पारित करने व अन्य जरूरी कामकाज निपटाने के बाद सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। सत्र की कार्यवाही तय दिनों से एक दिन पहले गुरुवार को ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। 26 फरवरी से 29 फरवरी तक सदन की कार्यवाही 28 घंटे 25 मिनट तक चली। उत्तराखण्ड विधानसभा का पंचम विधानसभा प्रथम सत्र 29 फरवरी को विधायी कार्य व बजट पारित होने पश्चात अनिश्चित काल के स्थगित करने की घोषणा विधानसभा अध्यक्ष, ऋतु खण्डूडी भूषण ने की। सत्र के दौरान प्राप्त अल्पसूचित प्रश्न-45, कुल प्राप्त तारांकित प्रश्न अतारांकित प्रश्न 256, नियम 40 (2) के अन्तर्गत स्वीकार 3, कुल 304 प्रश्न स्वीकार हुये। अध्यक्ष खण्डूडी ने कहा कि पंचम विधानसभा का प्रथम सत्र 26 फरवरी 2024 से प्राराभ होकर 29 फरवरी को समाप्त हुआ। जिसमें कुल 28 घण्टे 25 मिनट का बीजनेस सरकार ने दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र को सुचारू रुप से संचालित करते हुये पीठ से बिना उठे रिकार्ड 8 घन्टे 30 मिनट तक सत्र का लगातार संचालन किया। 28 फरवरी को रात्रि 11 बजकर 40 मीन्ट तक निर्बाध सत्र संचालित हुअ। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विनयोग विधेयक सहित छरू (6) विधेयक पारित हुए। राज्यपाल के सन्देश सहित पुनर्विचार हेतु प्राप्त दो (2) विधेयक सदन के पटल पर रखे गये। साथ ही छरू (6) याचिका स्वीकार हुई। नियम-300 की 61 सूचनाएं, नियम - 52 की 39 सूचनाऐं, नियम 58 की 18, नियम 310 की 01 सुचनाऐं प्राप्त हुई। अध्यक्ष खण्डूड़ी ने सत्र व्यवस्थित रुप से संचालन में सहयोग के लिए, पक्ष-विपक्ष का धन्यवाद किया। साथ सचिवालय प्रशासन, पुलिस प्रशासन सरकार के सभी विभागों सहित विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञांपित किया।

## मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया




हरिद्वार,संवाददाता। गुरुकुल कांगडी समविश्वविद्यालय मे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के दयानंद स्टेडियम परिसर स्थित ध्यानचन्द सभागार मे आयोजित कार्यशाला मे एमपी एड., बीपी एड., बीपीईएस पाठयक्रम के छात्रों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भाग लिया और सभी ने मतदान अवश्य करने की शपथ ली। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के प्रभारी डा.अजय मलिक ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए मतदान का उपयोग एवं मतदाता को अपने अधिकार एवं शक्ति को पहचानना होगा।

एसोसिएट प्रोफेसर डा.शिवकुमार चौहान ने कहा कि भारत लोकतंत्र का जनक राष्ट्र है। प्राचीन काल से ही भारत की शक्ति का आधार लोकतंत्र ही रहा है। राजतंत्र के दौरान भी व्यवस्थाओं में लोक सुझाव, लोकमत और प्रजा के अधिकारों को उचित सम्मान मिलता था। गुलामी के कालखंड के तमस को चीरकर आजाद भारत का सूर्य उदय हुआ। डा.कपिल मिश्रा ने कहा भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप मे मनाया जाता है। कार्यशाला का संचालन डा. अनुज कुमार द्वारा किया गया। डा.प्रणवीर सिंह, सुनील कुमार, दुष्यंत सिंह राणा, अश्वनी कुमार आदि ने भी कार्यशाला में विचार रखे। दिवाकर, राजेन्द्र सिंह, कुलदीप आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## महानगर व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार कर पदाधिकारी मनोनीत किए

हरिद्वार,संवाददाता। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अभितेष गुप्ता, उमेश वर्मा, गौरव धीमान, राजेंद्र चौधरी, देवेंद्र भट्टी को महानगर उपाध्यक्ष, रवि बांगा एवं निखिल माटा को जिला मंत्री मनोनीत किया है। जिला उपाध्यक्ष पकंज माटा के संयोजन में होशियारपुरी होटल में आयोजित बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को व्यापारियों व समाज के हित में कार्य करने की शपथ दिलायी गयी। बैठक के दौरान महानगर व्यापार मंडल की और व्यापार नीति आयोग का गठन करने की मांग भी की गयी।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाए देते हुए जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा कि आगे भी कार्यकारिणी का विस्तार करते सामाजिक कार्यो में सहयोग करने वाले लोगो को महानगर व्यापार मंडल की टीम का हिस्सा बनाया जाएगा। सुनील सेठी ने कहा कि सरकार को व्यापारियों के हित में जल्द से जल्द व्यापार नीति आयोग का गठन करना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष पंकज माटा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाए देते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्या हो या आम जनता की महानगर व्यापार मंडल हर मुद्दे हर आवाज बुलंद करता है। व्यापारी हो या आम नागरिक महानगर व्यापार मंडल सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

बैठक में महामंत्री नाथीराम सैनी, जगजीतपुर अध्यक्ष रणवीर शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रीत कमल, उपाध्यक्ष अनिल कोरी, सोनू चौधरी, एसएन तिवारी, राकेश सिंह, पवन पांडे, विनेश शर्मा, भूदेव शर्मा, दीपक कुमार, शिवेश महेश्वरी, गौरव अरोड़ा, राहुल शर्मा, देवेंद्र सिंह, मनोज चौहान आदि व्यापारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## विशेष कार्याधिकारी पद से सेवानिवृत हुए बी.पी. नौटियाल को दी विदाई

**देहरादून ( संवाददाता )।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन में विशेष कार्याधिकारी पद से सेवानिवृत हुए बी.पी. नौटियाल को विदाई दी। राज्यपाल ने श्री नौटियाल के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने श्री नौटियाल को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## सम्पादकीय

### अपराधियों को न मिले संरक्षण

राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों का फलना-फूलना किसी भी समाज के लिये दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है। लेकिन संगीन अपराध के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय वास्तविक अपराधियों को दंडित करना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। पश्चिम बंगाल की राजनीति में आपराधिक तत्वों का बोलबाला दशकों से जारी रहा है। कभी जो दबंग लोग पश्चिम बंगाल की वामपंथी सरकार के दौरान वोट छापने व बूथ कब्जाने के लिये कुख्यात थे, अब उनके ही चोला बदलकर सत्तारूढ़ टीएमसी के कार्यकर्ताओं के रूप में नजर आने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय निकाय चुनावों में हुई हिंसा व चुनावों में हेराफेरी इसकी बानगी बतायी जाती है। ताजा मामला पश्चिम बंगाल के उत्तर परगना जिले में स्थित संदेशखाली का है, जो आज राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है। दरअसल, एक अनाज घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के प्रतिरोध और उसके बाद ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद संदेशखाली में नये-नये खुलासे होते रहे हैं। हिंसा व दबंगई के लिये कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। हालांकि, सत्ता पक्ष और विपक्ष की तरफ से आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला जारी है और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण के आरोप लगाये जा रहे हैं। भाजपा की ओर से जहां महिला मुख्यमंत्री वाले राज्य में महिलाओं का शोषण करने वाले टीएमसी नेताओं को बचाने के आरोप लगाए जा रहे हैं, वहीं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ओर से विपक्ष पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के आरोप लगाये जा रहे हैं। कालांतर बढ़ते विवाद के बीच पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रतिनिधि संदेशखाली का दौरा करके पीड़ितों से मिले भी हैं। निस्संदेह, इस विवाद के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं, लेकिन यदि दबंग राजनेताओं द्वारा महिलाओं का सामूहिक शोषण किया जाता है तो निश्चय ही यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है।

# बिहार में लागू 'प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना' देश के लिए बनी नजीर

**- मुरली मनोहर श्रीवास्तव**

वर्ष 2005 से पहले बिहार को लालटेन युग से जाना जाता था। यहां पर बिजली की खास्ता हालत थी। गांव की बात छोड़िए, शहर में 24 घंटे लोग बिजली के लिए तरसते थे लेकिन वर्ष 2005 में श्री नीतीश कुमार के सत्ता संभालने के बाद धीरे-धीरे ही सही बिहार में बिजली की स्थिति में सुधार देखने को मिलने लगा। पहले सरकार ने शहरों में 24 घंटे बिजली देने के लक्ष्य को पूरा किया और फिर सुदूर गांवों में भी बिजली के तार और ट्रांसफॉर्मर लगाए गए लेकिन बिहार में बिजली चोरी नासूर बन चुकी थी। शहर हो या गांव टोका फंसाकर और मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करना आम प्रचलन में था। इससे सरकार को राजस्व की जबरदस्त हानि हो रही थी।

सरकार ने बिजली चोरी रोकने लिए छापेमारी दस्ते का गठन किया। छापेमारी होने लगी, फाइन भी होता था लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वही कहानी शुरू हो जाती। ऊर्जा विभाग लोगों के टोका फंसाकर और मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी से परेशान हो चुकी थी लिहाजा इस लाइलाज बीमारी को जड़ से ठीक करने के लिए सरकार के द्वारा प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना लाई गई। इससे टोका फंसाकर और मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करनेवाले लोगों पर शिकंजा कसा गया। इससे सरकार को राजस्व में हो रही हानि पर भी अंकुश लगा। साथ ही लोगों को कई फायदे भी हुए। बिजली चोरी रोकने, बिल भुगतान, मीटर रीडिंग और अन्य तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए बिहार के सभी घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू किया गया है। बिहार दुनिया का इकलौता राज्य है जहां गांव-गांव में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। बिजली बिल में गड़बड़ी और बिल जमा करने की समस्या से लोगों को छुटकारा मिला। लोगों को अपनी खपत के मुताबिक मीटर रिचार्ज करने की सुविधा मिली। अपने सुविधानुसार मीटर बंद और चालू करने की सहूलियत से लोगों को काफी फायदा हुआ। सबसे बड़ी बात कि लोग अब अपने मोबाइल के जरिए ही प्रीपेड स्मार्ट मीटर को हैंडल कर पाते हैं।

बिहार देश का पहला और एकमात्र राज्य है जिसने अपने यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना की शुरुआत की। हालांकि शुरू में इसको लेकर काफी विरोध हुआ, बिल में गड़बड़ी की शिकायत की गई लेकिन जब इसके फायदे सामने आने लगे तो आज देश के अन्य राज्य भी इस योजना को अपनाने पर विचार कर रहे हैं। वर्ष 2019 में स्मार्ट प्री-पेड बिजली मीटर के कई लाभों को देखते हुए सभी बिजली उपभोक्ताओं के मौजूदा मीटर को स्मार्ट प्री-पेड मीटर से बदलने की योजना बनाई गई। फरवरी 2021 में ईईएसएल ने अपने स्मार्ट मीटर राष्ट्रीय कार्यक्रम के हिस्से के रूप में बिहार में 2.34 मिलियन स्मार्ट प्रीपेड मीटर की स्थापना के लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की पटना में 13वीं बैठक में बिहार के स्मार्ट प्रीपेड मीटर की सराहना की गई है। बिहार सरकार की ओर से गुड प्रैक्टिस के रूप में स्मार्ट प्रीपेड मीटर संबंधी प्रस्तुतिकरण दिया गया जिसमें सदस्य राज्यों ने बिहार के इस प्रैक्टिस को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए चयनित भी कर लिया। अब इस प्रैक्टिस को परिषद की अगली बैठक में अन्य राज्यों द्वारा लागू करने पर विचार किया जाएगा।

हाल ही में बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिहार में लगनेवाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लिए नया कानून बनाने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने की जिम्मेदारी ली है। बिजली कंपनी की ओर से बिहार विद्युत विनियामक आयोग से कहा गया है कि बिहार में स्मार्ट मीटर रेगुलेशन बनाने के लिए आयोग को ही रेगुलेशन का ड्राफ्ट जारी करना होगा। ड्राफ्ट जारी होने के बाद इसपर जनता की राय ली जाएगी। कंपनी भी अपनी ओर से अपना पक्ष रखेगी। कंपनी ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को और कारगर बनाने हेतु आयोग के समक्ष कुछ और प्रस्ताव भी पेश किए हैं, मसलन उपभोक्ता मोबाइल पर तीन बार मैसेज आने के बावजूद मीटर रिचार्ज नहीं कराता है तो बिजली काट दी जाएगी। इसके बाद यदि उपभोक्ता दुबारा कनेक्शन लेता है तो उससे कितना चार्ज लिया जाए ?

बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड (बीएसपीएचसीएल) ने देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी ने अबतक 20 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का आंकड़ा पार कर लिया है जो देश में कुल लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर का 80 प्रतिशत से भी अधिक है।

बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। वर्ष 2018 में नॉर्थ और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनर्जी एफिशियंसी सर्विसेज लिमिटेड ( श्श्रस्र्) से करार किया और इसके बाद वर्ष 2019 में मंत्रिमंडल की बैठक में स्मार्ट प्रीपेड मीटर राज्य में लगाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पावर होल्डिंग कंपनी ने वर्ष 2024 तक पूरे बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह बिजली कंपनी की अबतक की सबसे बड़ी योजना है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के शेष 112 लाख उपभोक्ताओ के परिसर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए राज्य योजना अंतर्गत 12509.74 करोड़ रुपये की लागत की योजना का कार्यारंभ किया है।

बिहार में हुए बिजली सुधार को कोई नकार नहीं सकता है। जदयू, राजद, भाजपा, कांग्रेस या कम्युनिस्ट पार्टियों के अलावे जो भी पार्टियां सत्ता में रहीं हों या विपक्ष में अपने चुनावी भाषण में बिजली सुधार का फायदा लेती रहीं हैं। इस बीच, बिहार में लागू स्मार्ट प्रीपेड मीटर को अब पूरे देश में लागू करने का प्रस्ताव दिया गया है। केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश आम बजट में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को देशभर में लागू करने का प्रस्ताव दिया है। केंद्र की इस घोषणा के बाद मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने काफी प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि यह स्वागत योग्य कदम है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की बिहार की योजना अब पूरे देश में लागू होगी।

# दुकान में आग लगने से दो मजदूरों की मौत, एक घायल

नारनौल । बीती रात करीब एक बजे पुरानी अनाजमंडी स्थित खल बिनौलों की दुकान में आग लगने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे उपचार के लिए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया है। इस घटना में करीब एक करोड़ रुपये के खल बिनौले और दुकान के सामान का नुकसान होने की बात कही जा रही है। आग को बुझाने के लिए दमकल गाडियों को बुलाया गया। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना हंसराज शिवकुमार की दुकान में घटित हुई है। रात के समय पांच मजदूर दुकान में सोए हुए थे। आग शार्टसर्किट से लगने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल इसका स्पष्ट कारण पता किया जा रहा है। इस घटना में राजस्थान के कोटपुतली का रहना वाला 33 वर्षीय कुलदीप और बिहार का रहने वाला 45 वर्षीय रामदुखी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इनमें से एक मजदूर आग में से बचकर निकलने लगा तो वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। शेष दो मजदूर बचकर निकलने में कामयाब हो गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 100 प्रभावशाली लोगों में शामिल

## स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीया से की मुलाकात

नई दिल्ली । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 100 प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में बनाई जगह छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बहुत कम समय में ही लोकप्रियता की सीढ़ी चढने लगे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीया से शिष्टाचार मुलाकात की और एक दूसरे का हाल-चाल पूछा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने दो महीने के कार्यकाल में ही मोदी की गारंटी लागू करने सहित कई उपलब्धियों से जनता के दिल में जगह बना ली है। विष्णुदेव साय अपने इस छोटे से कार्यकाल में न केवल आदिवासियों का बल्कि आम जनता का विश्वास जीतने में सफल हुए हैं। यही वजह है कि इंडियन एक्सप्रेस द्वारा जारी देश के 100 प्रभावशाली लोगों की सूची में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 77वें नंबर पर काबिज हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दिल्ली लोकसभा चुनाव को लेकर आज होने वाली बैठक में शामिल होंगे क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा था कि भारतीय जनता पार्टी 370 सिम लोकसभा में लेंगे उसके तैयारी सही उम्मीदवारों पर मोहर लगाने के लिए बैठक में आए हुए हैं ।

# पंजाब युवा कांग्रेस लोकसभा चुनावों में प्रचार के लिए तैयार : मोहित मोहिंदरा

मोगा । पंजाब युवा कांग्रेस ने आज मोगा में अपने प्रमुख कार्यक्रम जय जवान जय किसान जय नौजवान अभियान के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया। आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए, अभियान पंजाब के सभी 13वें संसदीय क्षेत्रों से शुरू किया जाएगा और प्रत्येक घर के साथ बातचीत करके प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को कवर किया जाएगा। मोगा में आज आयोजित युवा सम्मेलन में 500 से अधिक बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया। विशाल सभा को संबोधित करते हुए पंजाब युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मोहित मोहिंदरा ने कहा कि आज युवा कांग्रेस पंजाब में प्रदेश कांग्रेस के लिए अपनी सहायक भूमिका में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए आक्रामक प्रचार करने के लिए तैयार है।युवा कांग्रेस पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। युवा कांग्रेस पार्टी की रीढ़ हैं। पार्टी प्रत्याशियों को जिताने के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। फ्लैगशिप प्रोग्राम लॉन्च करने के बाद मोहित ने यह भी कहा कि क्या भारत के प्रधानमंत्री यह आंकड़ा दे सकते हैं कि उनकी सरकार ने नौ साल में कितने रोजगार दिए हैं। आज हर छठा स्नातक बेरोजगार है, जबकि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के नौ वर्षों में 22 करोड़ बेरोजगारों ने केंद्र सरकार में नौकरियों के लिए आवेदन किया है। विश्व में सर्वाधिक युवा मतदाता भारत में हैं जबकि हमारे 60 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। 42% 20 से 24 साल की उम्र के बीच बेरोजगार हैं। देश बेरोजगारी संकट से जूझ रहा है। देश में बेरोजगारी की मौजूदा स्थिति पर सरकार ने आंखें मूंद ली हैं। आज देश वित्तीय संकट से गुजर रहा है जिसके कारण बेरोजगारी दर कई गुना बढ़ गई है। सत्ता में आने से पहले इस मोदी सरकार ने प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, यानी 16 करोड़ नौकरियां, लेकिन तथ्य यह है कि 22 करोड़ युवाओं ने केंद्र सरकार में विभिन्न नौकरियों के लिए आवेदन किया था, जिनमें से 7 लाख को नौकरियां दी गईं। देश के युवाओं को राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस मनाना चाहिए।

# लोकसभा चुनाव से पहले छवि धूमिल करने का आरोप, गणेश गोदियाल ने पुलिस को सौंपी शिकायत



**देहरादून ( संवाददाता )।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्लू.सी.) के सदस्य गणेश गोदियाल ने कांग्रेसजनों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ एस.पी. सिटी, देहरादून प्रमोद कुमार से मुलाकात कर उन्हें वरिष्ठ अधीक्षक के नाम संबोधित पत्र सौंपते हुए उनके एवं कांग्रेस पार्टी के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने वालों के प्राथमिकी दर्ज करते हुए खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पुलिस अधीक्षक नगर, देहरादून प्रमोद कुमार को सौंपे पत्र में गणेश गोदियाल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संगठन मथुरादत्त जोशी के पत्रांक संख्या पीसीसी/413/22 दिनांक 13 फरवरी, 2022 का हवाला देते हुए कहा कि इस प्रकार का दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्व में भी थाना कोतवाली नगर में शिकायत की गई थी परन्तु कोई कार्रवाई नहीं हो पाई जिससे इस प्रकार के असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हुए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम संबोधित पत्र मे गणेश गोदियाल ने कहा कि मैं प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व में विधानसभा क्षेत्र थलीसैंण एवं विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर से उत्तराखण्ड विधानसभा का निर्वाचित सदस्य रहा हूं। राष्ट्रीय राजनैतिक दल के सदस्य के रूप में प्रदेशभर में मेरी अपनी राजनैतिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा है। वर्तमान में मैं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की वर्किंग कमेटी (सी.डब्लू.सी) का विशेष आमंत्रत सदस्य हूं तथा पार्टी एवं क्षेत्रीय जनता मुझे भविष्य की संभावना के रूप में देखती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मेरी राजनैतिक एवं सामाजिक छवि को धूमिल करने की दृष्टि से मेरी राजनैतिक प्रतिद्वंदी पार्टी के साथ मिलकर मेरे फर्जी हस्ताक्षर कर एक झूठा पत्र सोशल मीडिया में वायरल कराया गया जिससे धार्मिक गोलबंदी कर विधानसभा चुनाव में मतों का ध्रुवीकरण कर मुझे व मेरी पार्टी को भारी नुकसान पहुंचाया गया।

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी द्वारा थाना कोतवाली नगर, देहरादून को शिकायती पत्र के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई थी, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से उनके हौसले और अधिक बुलंद हुए, परिणामानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए उन्हीं असामाजिक तत्वों द्वारा पुनः मेरी व मेरी पार्टी की छवि को धूमिल करने तथा धार्मिक उन्माद फैलाने की बदनीयती से उसी फर्जी हस्ताक्षर वाले पत्र को सोशल मीडिया पर प्रचारित एवं प्रसारित किया जा रहा है।

गणेश गोदियाल ने कहा कि इस प्रकार के असामाजिक तत्वों पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इसी प्रकार का एक पत्र उमेश नैथानी ने अपने मो0 नम्बर 9675301119 एवं रविन्द्र नाथ कौशिक नामक व्यक्तियों द्वारा सोशल मीडिया पर प्रचारित-प्रसारित कर लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रचारित फर्जी हस्ताक्षर वाले पत्र की क्लिपिंग भी पुलिस अधीक्षक को सौंपी।

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने अपने पत्र में मांग की कि उमेश नैथानी एवं रविन्द्रनाथ कौशिक नामक व्यक्तियों द्वारा सोशल मीडिया पर डाली जा रही फर्जी हस्ताक्षर वाली पोस्ट का संज्ञान लेते हुए सम्बन्धितों के खिलाफ सक्षम धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए मुकदमा दर्ज कर शीघ्र उचित कार्रवाई की जाय।

प्रतिनिधिमंडल में गणेश गोदियाल के अलावा प्रभुलाल बहुगुणा, प्रदेश महामंत्री राजपाल बिष्ट, रघुवीर सिंह बिष्ट, वीरेन्द्र पोखरियाल, मनीष नागपाल, कविन्द्र इष्टवाल, देवेन्द्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राजेश चमोली, मोहन काला, प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष विनीत कुमार, रितेश क्षेत्री, आदर्श सूद, पीयूष जोशी, उज्जैनवाल, गगन छाछर आदि अनेक कांग्रेसजन शामिल थे।

# निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी : डीएम

**हरिद्वार ( संवाददाता )।** जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने विकासभवन सभागार रोशनाबाद में चुनावी तैयारियों के सम्बन्ध में सभी एआरओ, नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक ली। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयरहित महौल में सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता से करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु सर्विस वोटर्स के साथ ही निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों के मतदान की व्यवस्था हेतु शीघ्रता से प्रभावी कार्यवाही की जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में कम मतदान वाले बूथों का चिन्हीकरण करते हुए सम्बन्धित क्षेत्रों में वृहद्ध मतदाता जागरूकता अभियान चलाये जाये। मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप प्रतीक जैन ने मतदाता जागरूकता हेतु नगर निगम के कूड़ा उठान वाहनों के माध्यम से मतदाता जागरूकता आधारित गीतों का प्रसारण किया जाये तथा एआरटीओ को निर्देशित किया कि आवागमन के विभिन्न साधनों पर मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित स्टीकर आदि चस्पा किये जाये। दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि दूध के पैकेट्स पर मतदाता जारूकता से सम्बन्धित लोगो प्रिन्ट करवाकर जनता को जागरूक किया जाये। गैस सिलैण्डर की पर्चियों पर भी मतदाता जारूकता से सम्बन्धित लोगो प्रिन्ट कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, अपर जिलाधिकारी पीएल शाह, दीपेन्द्र सिंह, सीएमओ मनीष दत्त, एचआरडीए सचिव उत्तम सिंह चैहान, उप जिलाधिकारी मनीष कुमार सिंह, अजय वीर सिंह, बीडीओ बहादराबाद मानस मित्तल, मुख्य शिक्षा अधिकारी के.के गुप्ता, परियोजना निदेशक निदेशक के.एन.तिवारी, डीपीआरओ अतुल प्रताप सिंह, पीडब्लूडी सुनील तोमर, जिला पर्यटन अधिकारी सुरेश यादव, सहित जनपद के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

# मरीजों की सेवा करना ही नर्सिंग स्टाफ की सबसे बड़ी मानवता: ललित जोशी



**देहरादून ( संवाददाता )।** कम्बाइंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च कुंआवाला देहरादून में आज नर्सिंग विभाग के छात्र-छात्राओं हेतु लैंप लाइटिंग और समर्पण शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड नर्सेज एंड मिडवाइव्ज काउंसिल की रजिस्ट्रार डा0 मनीषा ध्यानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही उन्होंने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि चिकित्सक को सबसे ज्यादा सहयोग नर्स का होता है। नर्स के सहयोग के बिना मरीज का पूर्ण इलाज नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि यदि हम मरीजों की सेवा दिल से नहीं कर सकते हैं, तो हमें इस व्यवसाय में नहीं आना चाहिए। यह पैसे कमाने की जगह नहीं है। यहां किसी का जीवन आपकी देखरेख पर निर्भर करता है। क्योंकि इसमें वे पैसे के साथ मरीजों की दुआएं भी पाती हैं। हमें मरीजों से मृदुल व्यवहार करना चाहिए और इलाज के दौरान सहन-शक्ति बनाए रखनी चाहिए। मरीज को सिर्फ मरीज समझकर अपने परिवार का सदस्य समझना चाहिए। वहीं संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट ललित जोशी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह शपथ नर्सिंग पेशे की पवित्र प्रकृति और नर्सों का उनके रोगियों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव की निरंतर याद दिलाने का काम करती है। तनाव और थकान के समय में, प्रतिज्ञा प्रेरणा के स्रोत के रूप में काम कर सकती है, उस जुनून और उद्देश्य की भावना को फिर से जागृत कर सकती है जिसने व्यक्तियों को सबसे पहले नर्सिंग की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है।

संस्थान के मैनेजिंग डॉयरेक्टर संजय जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने नर्सों के पेशे को एक सम्मानित सेवा का पेशा बनाया। लैंप लाईटिंग सेरेमनी उसी याद में आयोजित की जाती है। यह हमें अंधेरे से उजाले की तरफ ले जाती है। कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. सुमन वशिष्ठ ने कहा कि नर्स की प्रतिज्ञा दयालु, रोगी-केंद्रित देखभाल प्रदान करने के लिए नर्स की प्रतिबद्धता की एक कालातीत अभिव्यक्ति है। यह उन मूलभूत मूल्यों को दर्शाता है जो नर्सिंग पेशे को रेखांकित करते हैं और आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल की जटिलताओं से निपटने में नर्सों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं। कार्यक्रम में कॉलेज की शिक्षिका नेहा पंवार ने शपथ के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला तो वहीं हीना मनवाल ने शपथ पत्र पढ़ा। कार्यक्रम का संचालन नितिका भट्ट ने किया, इस दौरान कॉलेज के उपप्रधानाचार्य रबीन्द्र कुमार झा, नर्सिंग डिपार्टमेंट की समस्त शिक्षिकाएं व 500 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# विधानसभा में उठा टिहरी में प्रसूता की मौत का मामला, सस्पेंड हुआ डॉक्टर

**देहरादून ( संवाददाता )।** गुरुवार को विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत से प्रतापनगर विधायक ने चैड़ लमगांव सीएचसी में प्रसूता महिला की मौत का मामला उठाया। जिस पर जमकर हंगामा हुआ। जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने प्रताप नगर सीएचसी के डॉक्टर को सस्पेंड कर दिया है। गुरुवार को विधानसभा में बजट सत्र के चैथे दिन की कार्यवाही के दौरान कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत के तमाम विभागों से संबंधित सवाल विधानसभा में पूछे गए। विधानसभा में दूसरे ही सवाल में हरिद्वार ग्रामीण से विधायक अनुपमा रावत ने धन सिंह रावत के सहकारिता विभाग द्वारा संचालित बैंक को सहकारी समितियां और दूसरे संगठनों में नियुक्तियों में हो रही अनियमितताओं का विषय उठाया। अनुपमा रा प्रताप नगर विधायक विक्रम नेगी ने हाल ही में टिहरी गढ़वाल की प्रताप नगर विधानसभा सीट में पड़ने वाले चैड़ लमगांव अस्पताल में प्रसूता को उचित उपचार नहीं मिलने के बाद जिला अस्पताल रेफर करने और रास्ते में ही प्रसूता (जच्चा बच्चा) के दम तोड़ने पर सदन में सवाल पूछा। इस मामले ने सदन में तूल पकड़ा। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने इस प्रकरण पर खेद प्रकट किया। उन्होंने कहा निश्चित तौर से इस प्रकरण के दौरान लापरवाही हुई है। उन्होंने बताया वहां पर तीन डॉक्टरों की नियुक्ति की गई थी, लेकिन उस दिन वहां पर कोई भी मौजूद नहीं था। जिसके कारण प्रसूता को सुविधा नहीं मिल पाई, जो कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा इस प्रकरण में डॉक्टर को सस्पेंड करने की कार्रवाई सदन के बाद की जाएगी। सदन के बाद स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने प्रताप नगर अस्पताल के डॉक्टर को सस्पेंड कर दिया है।

# भाजपा ने किया आपका सुझाव हमारा संकल्प अभियान का श्रीगणेश

**देहरादून ( संवाददाता )।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव अभियान को आगे बढ़ाते हुए, आपका सुझाव हमारा संकल्प अभियान का आज श्रीगणेश किया है । संकल्प पत्र संयोजक एवं पूर्व सीएम श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की मौजूदगी में आरंभ हुए इस अभियान में एलईडी वाहनों, पत्र पेटिकाओं, जनसंपर्क, नमों एप एवं मिस्ड कॉल के माध्यम से प्राप्त सुझावों के आधार पर चुनाव संकल्प पत्र तैयार होगा । इस अवसर पर उन्होंने कहा, जीत इतनी प्रचंड होनी चाहिए कि विरोधी मतगणना स्थल तक जाने की नही सोचें। पार्टी मुख्यालय में इस अभियान के आगाज पर अपने संबोधन में प्रदेश संयोजक श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा, जनता ने हमे जिताने का मन बना लिया है, हमे सिर्फ इस जीत को इतना प्रचंड बनाना है कि विरोधी मतगणना स्थल तक नही जाएं । उन्होंने मोदी जी पर जनता के विश्वास का जिक्र करते हुए कहा, जब 2014 में भाजपा जीती तो पीएम श्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि जनता हमे अधिक सीट देना चाहती थी, 2019 में हमने स्पष्ट मांगा 300 पार तो जनता ने 303 सीटें दी । अब 2024 में 400 पार का आशीर्वाद हमे चाहिए, जिसके लिए जनता पूरी तरह तैयार है, बस हमे उनके पास जाना होगा । 10 वर्षों में मोदी जी ने भ्रष्टाचार मुक्त विकासोन्मुख शासन दिया है, देश सभी क्षेत्रों में विश्व का सिरमौर बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, कल तक हथियार खरीदने वाला भारत आज उनका बड़े पैमाने पर निर्यात कर रहा है, कोरोना महामारी में भारत ने अपने नागरिकों ही नही दुनिया के 100 देशों की जान बचाने का काम किया है, भारत के स्वालंबी बनने के साथ साथ उत्तराखंड भी श्रेष्ठ राज्य बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है । हमारे पास केंद्र की विकास योजनाओं और उपलब्धियों के अस्त्र प्रयाप्त हैं, उनका बेहतर इस्तेमाल करके हमे इस चुनावी महासमर में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करनी है । इस अवसर कर प्रदेश महामंत्री श्री राजेन्द्र बिष्ट ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 6 तरीकों से जनता के अधिक से अधिक सुझावों को एकत्र कर संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा । जिसके तहत विशिष्ट जनों से संवाद, घर घर संपर्क, लाभार्थी संपर्क में सुझाव लिए जाएंगे । साथ देश में संचालित 500 एलईडी वाहनों एवं 6000 पत्र पेटिका द्वारा सुझाव एकत्र किया जायेंगे, नमो एप और मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 के माध्यम से भी संकल्प पत्र के लिए सुझाव लिए जाएंगे । इस मौके पर प्रदेश चुनाव प्रबंध समिति संयोजक एवं राज्यसभा सांसद भाजपा राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष श्री नरेश बंसल ने बताया कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो घोषणा पत्र नही जारी करती है बल्कि संकल्प पत्र प्रस्तुत करती है । और ये संकल्प पत्र भी जनता के सुझावों पर ही आधारित होता है । देश की जनता जानती है कि वे जो सुझाव देते हैं वो संकल्प पत्र के रूप में मोदी जी की गारंटी बन जाते हैं । उन्होंने कांग्रेस और विपक्ष पर हमला करते हुए कहा, विपक्ष कोरी घोषणाओं का पत्र पेश करती हैं जिसपर जनता विश्वास नही करती है । भाजपा सेवा से संगठन संकल्प के साथ हमेशा जनता के बीच सक्रिय रहती है । हमारे यहां बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक सभी जनता की सेवा में व्यस्त रहते हैं । हम इस अभियान के माध्यम से गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं समेत समाज के सभी वर्गों की अंकाशाओं को एकत्र कर ऐसा संकल्प पत्र तैयार करना है जो 2047 के विकसित भारत की नींव तैयार करने वाला हो । इस मौके पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज ने कहा, आज मोदी जी की गारंटी पर देश भरोसा करता है एमपी छत्तीसगढ़ राजस्थान के चुनाव इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं । प्रधानमंत्री जी के विशेष लगाव के चलते आज उत्तराखंड विश्व पर्यटन के मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है । राज्य के विकास को लेकर उन्होंने जितनी चिंता की है, अब हमे रिकॉर्ड मतों से पांचों सीट जीतकर उन्हे तीसरी बार पीएम बनाना है । वहीं कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में विपक्ष पर कटाक्ष किया कि मोदी जी की लहर में कांग्रेस और विपक्ष खाली होता जा रहा है, जिसका प्रमाण है हाल के राज्यसभा चुनावों में उम्मीद से अधिक सीटों का हमे प्राप्त होना । विकसित भारत संकल्प यात्राओं में जनता का रुझान से ही स्पष्ट हो जाता है कि जन विश्वास आज पूरी तरह से मोदी जी के साथ है । केंद्र और राज्य की योजनाएं घर घर पहुंची हैं, अब बस हमे वहां पहुंचना है ।




इस अवसर पर टिहरी सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद श्रीमती कल्पना सैनी, संकल्प पत्र सहसंयोजक श्री बलवंत भौर्याल, श्री केदार जोशी, श्रीमती आशा नौटियाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री मनवीर चौहान, श्री विनोद सुयाल, श्रीमती मधु भट्ट, श्रीमती विनोद उनियाल, सुश्री स्वराज विद्वान, श्रीमती मीरा रतूड़ी, श्री मुकेश कोली, श्री पुनीत मित्तल, श्री शैलेंद्र रावत, श्री सिद्धार्थ अग्रवाल, श्री नवीन ठाकुर समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे । इस दौरान सभी लोगों ने संकल्प पत्र को लेकर अपने सुझाव लिखकर देहरादून महानगर के लिए रवाना पत्र पेटिका में जमा किए । इस पेटिका को महानगर अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ अग्रवाल एवं उनकी टीम को सौंपा गया जिसे लेकर वह जनता के मध्य जाएंगे । इसी तरह सभी जनपदों के लिए भी सुझाव पत्र पेटिका को रवाना किया गया जहां इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ।

# सीएस रतूड़ी ने किए हाउस ऑफ हिमालया तथा मिलेट मिशन की बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश जारी



**देहरादून ( संवाददाता )।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मंडुआ, झंगोरा व चैलाई का उत्पादन बढ़ाने तथा सप्लाई चेन को बेहतर करने के सम्बन्ध में गुरूवार को विधानसभा भवन में हाउस ऑफ हिमालया तथा मिलेट मिशन की बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये हैं। सीएस ने कृषि एवं उद्यान विभाग को प्रदेश में अनुपयोगी घाटिया एवं जमीनों को चिह्नित कर उनमें मंडुआ, झंगोरा एवं चैलाई के बड़े स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाना है। इसका संचालन महिला स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता से दिया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा है कि मंडुआ, झंगोरा, चैलाई तथा अन्य स्थानीय उत्पादों के उत्पादन तथा प्रोक्यूरमेंट को बढ़ाने के लिए कृषि एवं उद्यान विभाग के साथ ही सहकारिता विभाग को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इस दिशा में मुख्य सचिव ने यूसीएफ (उत्तराखण्ड स्टेट कॉपरेटिव फेडरेशन) तथा हाउस ऑफ हिमालया के मध्य एमओयू किये जाने हेतु निर्देश दिए हैं। सीएस ने झंगोरा तथा चैलाई की एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के सम्बन्ध में प्रस्ताव बनाने के सम्बन्ध में इनपुट कॉस्ट (लागत मूल्य) का अध्ययन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विधानसभा, सचिवालय, सहित जीएमवीएन, केएमवीएन आदि सभी सरकारी भवनों एवं संस्थानों में परोसे जाने वाले खाद्य उत्पादों में मिलेट्स मंडुआ, झंगोरा आदि का उपयोग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने विशेषरूप से महिला विकास एवं बाल कल्याण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग को महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य विकास हेतु मंडुआ, झंगौरा, चैलाई जैसे स्थानीय मिलेट्स को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में एएनएम, आशा वर्कर्स तथा आंगनबाड़ी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उत्तराखण्ड के अम्ब्रेला ब्राण्ड हाउस ऑफ हिमालया की मजबूती के लिए तथा स्थानीय उत्पादों की बेहतरीन मार्केटिंग के लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के बड़े स्थापित ब्राण्ड्स की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। सीएस ने निर्देश दिए हैं कि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों हेतु प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करने वाले हाउस ऑफ हिमालया के तहत उत्पादों की गुणवत्ता तथा प्रमाणीकरण का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, राधिका झा, वी बी आर सी पुरूषोत्तम, विनोद कुमार सुमन, चंद्रेश कुमार, अरविंद सिंह हयांकी, अपर सचिव मनुज गोयल तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# मारने के आदेश के बाद भी वन विभाग की पकड़ से दूर है दून का आदमखोर गुलदार

**देहरादून, ब्यूरो।** जनपद में बीते रविवार को गुलदार ने 10 साल के बच्चे अपना निवाला बनाया था। जिसके बाद उसे गोली मारने के आदेश जारी कर दिए गए थे। जिसके बाद आज तक गुलदार का कुछ अता-पता नही है। वन विभाग की पांच टीमें अलग-अलग इलाकों में इस गुलदार को सर्च कर रही हैं। आदमखोर के इस हमले के बाद से सरकार और वन प्रशासन दोनों ही टेंशन में हैं। प्रदेश की राजधानी देहरादून के गलज्वाड़ी क्षेत्र में यह घटना उस वक्त हुई थी जब बच्चा अपने घर के पास ही खेल रहा था। तभी गुलदार 10 वर्ष के बच्चे को उठाकर ले गया। इससे पहले भी जनवरी महीने में यह गुलदार 4 साल के बच्चे को उठा कर ले गया था। उस घटना के बाद 7 दिन बीते भी नहीं थे कि इसी इलाके में गुलदार ने एक और बच्चे पर उस वक्त हमला कर दिया था, जब बच्चा अपने दोस्तों के साथ जंगल में लकड़ियां बीनने गया था। लगातार घटती इन घटनाओं के बाद वन विभाग ने आदमखोर हो चुके इस गुलदार को मारने के आदेश दे दिए हैं। जिसके बाद वन विभाग की टीमें इस पूरे इलाके में अलग-अलग जगह बंदूकों से लैस होकर डेरा डाले हुए हैं। किन्तु रविवार के बाद से गुलदार क्षेत्र से गायब है।



# अनियमित पीरियड्स की समस्या से निजात पाने के लिए करें इन 8 चीजों का सेवन



पीरियड्स अर्थात माहवारी हर महिला के जीवन का खास चक्र है। इसी की बदौलत एक महिला को मातृत्व सुख मिल पाता है। इस दौरान महिलाओं के शरीर से खराब खून बाहर निकल जाता हैं। महिलाओं की सेहत को बनाए रखने में पीरियड्स का महत्वपूर्ण रोल हैं। कई बार महिलाएं अपनी माहवारी को लेकर बहुत परेशान हो जाती हैं क्योंकि समय निकल जाने पर भी उनका पीरियड नहीं आता है। अनियमित रूप से पीरियड्स होने के कारण कई बार हैवी ब्लीडिंग होती है वहीं कभी-कभी कम या न के बराबर ब्लीडिंग होती है। यह सेहत को प्रभवित करता हैं। ऐसे में किचन में मौजूद कुछ चीजें आपके लिए लाभकारी साबित हो सकती हैं जिनके सेवन से रुका हुआ पीरियड आ जाएगा और आपको कोई समस्या भी नहीं होगी। आइये जानते हैं इनके बारे में...

**सोंठ और अजवाइन** -पीरियड्स खुलकर नहीं होते तो रात को सोते समय आधा चम्मच अजवाइन के साथ गुनगुना हल्दी वाला दूध पीएं। इससे आपको पीरियड्स ठीक से आने लगेंगे। इसके अलावा आप गुड़ में चौथाई चम्मच सोंठ और चौथाई चम्मच अजवाइन को डालकर हल्दी वाले गुनगुने दूध के साथ लें। इससे भी पीरियड्स खुलकर आने लगेंगे।

**अदरक**-अदरक पीरियड्स लाने वाले सबसे ताकतवर उपायों में से एक है। यह बेहद गर्म होता है। हालांकि इसके साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। अदरक से गैस बनती है। हालांकि अगर आपके पीरियड्स काफी डिले हो गए हो तो अजवायन और अदरक की चाय ट्राए कर सकती हैं। इससे आपका काम हो जाएगा।

**खड़ा धनिया**-महिलाओं के रुके हुए पीरियड को लाने में खड़ा धनिया बहुत हद तक सहायक है। एक चम्मच खड़े धनिये को दो कप पानी में उबाल लें। जब पानी एक कप रह जाए तो गैस को बंद कर दें और उसे अच्छे से छान लें। इस पानी का दिन में तीन बार सेवन करें। यदि बराबर नियम से आप इसका सेवन करते रहेंगे तो यह माहवारी को लाने में बहुत प्रभावशाली रहेगा। पुराने समय से महिलाएं माहवारी को नियमित करने के लिए इस नुस्खे का प्रयोग करते आ रही हैं।

**दालचीनी**-दालचीनी का सेवन सेहत के लिए अच्छा होता है, इसके सेवन से खाने का स्वाद बढ़ता है, वहीं ये पीरियड्स में हो रहे दर्द को दूर करने में भी मदद करता है। दालचीनी का सेवन रोजाना करते हैं तो ये अनियमित पीरियड की समस्या को रेगुलर करने में में मदद करता है। वहीं खाली पेट दालचीनी के पानी का सेवन भी आप कर सकते हैं।

**कच्चा पपीता**-अनियमित पीरियड या फिर पीरियड न आने पर आपको अपनी डाइट में कच्चा पपीता शामिल करना चाहिए। कच्चे पपीते के सेवन से काफी फायद हो सकते हैं। दरअसल, यह गर्भाशय की मांसपेशियों के संकुचन को कंट्रोल किया जा सकता है। वहीं, कई रिसर्च में भी इस बात का दावा किया गया है कि कच्चा पपीता खाने से मासिक धर्म न होने की परेशानी को कम किया जा सकता है। इसके अलावा जिन लोगों को स्ट्रेस की वजह से पीरियड की परेशानी हो रही है, उनके लिए भी कच्चा पपीता काफी फायदेमंद होता है। क्योंकि कच्चा पपीता आपके स्ट्रेस को कंट्रोल करने में प्रभावी है।

**सौंफ**-सौंफ की सुंगधित चाय के इस्तेमाल से भी आप जल्द पीरियड्स ला सकते हैं। एक ग्लास पानी में 2 चम्मच सौंफ रात भर तक रखें और सुबह छान कर पी लें। खाली पेट सुबह सौंफ के इस पानी का प्रयोग करने पर यह ज्यादा फायदा देता है।

**एप्पल साइडर विनेगर**-पीरियड ना आने पर आप रोजाना सेब के सिरके का सेवन करें। इससे आपको बेहतर रिजल्ट मिल सकता है। रिसर्च में बताया गया है कि रोजाना 15 मिली एप्पल साइडर विनेगर का सेवन करने से पीसीओएस से ग्रसित महिलाओं की समस्या को कम किया जा सकता है। इससे पीरियड्स न आने की परेशानी दूर होती है। हालांकि, अभी इस पर और अधिक शोध की आवश्यकता है। आप इसे गर्म पानी में मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा इस पानी में आप शहद को भी मिला सकते हैं। इससे आपको काफी फायदा होगा।

**हल्दी**-हल्दी का सेवन सेहत के लिए बहुत ही ज्यादा अच्छा होता है, इसके सेवन से मानसिक धार्मिक यानी पीरियड्स से कई समस्याएं दूर होती जाती है। हल्दी का सेवन अनेकों तरीकों से किया जा सकता है, इसे आप दूध के साथ, मसाले के रूप में आदि तरीकों से कर सकते हैं।

# शहद के इस्तेमाल से बनाए जा सकते हैं ये स्वादिष्ट व्यंजन, जानिए इनकी रेसिपी



शहद कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है और इसका नियमित सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। अगर आप किसी भी व्यंजन में इसका सीमित मात्रा में इस्तेमाल करते हैं तो इससे उसका स्वाद काफी बढ़ जाता है। आइए हम आपको शहद के इस्तेमाल से बनाए जाने वाले पांच व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप घर पर सिर्फ 20 से 30 मिनट में तैयार कर सकते हैं।

**हनी फ्रेंच टोस्ट**

इसे बनाने के लिए आपको दो फेंटे हुए अंडे, एक चौथाई कप दूध, एक चौथाई कप शहद, एक चौथाई छोटी चम्मच नमक, छह-आठ ब्रेड के स्लाइस और थोड़े मक्खन की आवश्यकता होगी। सबसे पहले अंडे, दूध, शहद और नमक को डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद एक सॉस पैन में मक्खन पिघलाएं और ब्रेड स्लाइस को अंडे के मिश्रण में डुबोएं और फिर इसे दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंके और गरमागरम परोसें।

**हनी चिली पोटैटो**

हनी चिली पोटैटो के लिए पहले आवश्यकतानुसार आलू को धोकर छीलें, फिर इन्हें फ्रेंच फ्राइज के आकार में काटकर अरारोट से मैरीनेट करें। इसके बाद फ्रेंच फ्राइज को डीप फ्राई करके प्लेट में निकालें। अब गर्म कुकिंग ऑयल में कटी हुई शिमला मिर्च, हरी मिर्च, अदरक, टोमैटो सॉस, चिली सॉस, सोया सॉस, कुटी लाल मिर्च, थोड़ा नमक और सिरका डालकर कुछ मिनट पकाएं और फिर गैस बंद करके इसमें शहद मिलाएं। अंत में इसमें तले फ्रेंच फ्राइज मिलाकर इसे परोसें।

**बेक्ड हनी चीज केक**

सबसे पहले अपने ओवन को 180 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें और एक केक पैन को मक्खन से चिकना करके उसमें एक बेकिंग पेपर डालें। अब एक कटोरे में कटे हुए खजूर, ओट्स, सूरजमुखी के बीज, दालचीनी और नारियल समेत पिघला मक्खन मिलाएं। इसके बाद मिश्रण को केक पैन में डालें और बेक करें, फिर बेक केक पर क्रीम चीज, अंडे, नींबू के रस, वनिला एसेंस और शहद को फेटकर डालें और दोबारा इसे बेक करने के बाद परोसें।

**स्पाइस हनी कैमोमाइल कूलर**

सबसे पहले थोड़ा पानी उबाकर उसमें कैमोमाइल टी बैग्स, दालचीनी और लौंग डालकर पांच मिनट के लिए उबालें। इसके बाद पानी में से दालचीनी और लौंग को निकालकर इसमें नींबू का रस और शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक घंटे के लिए फ्रिज में रख दें और फिर प्रत्येक गिलास में एक बड़ा चम्मच संतरे का रस और कुछ बर्फ के टुकड़ों समेत तैयार ड्रिंक डालकर इसे परोसें।

**बनाना हनी मफिन**

सबसे पहले अपने ओवन को 190 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें। इसके बाद एक पैन में मक्खन पिघलाकर उसमें शहद और दूध डालें, फिर इसमें मैश किए हुए केले डालें। अब इसमें मैदा, बेकिंग पाउडर, थोड़ा नमक मिलाकर गैस बंद करें और मिश्रण को मफिन कप में डालकर 20 से 25 मिनट तक अच्छे से बेक करें। अंत में थोड़ा ठंडा करके मफिन को परोसें।

# पुरानी सलवार से मिलेगा स्टाइलिश लुक



पारंपरिक कपड़ों में भी महिलाओं के पास कई विकल्प होते हैं। रोजमर्रा से लेकर कॉलेज, ऑफिस और पार्टी वियर में अधिकतर महिलाएं पारंपरिक कपड़ों में सलवार कुर्ता कैरी करती हैं। अधिकतर भारतीय लड़कियों और महिलाओं के वार्डरोब में सलवार सूट आसानी से मिल जाएंगे। सलवार सूट आरामदायक पोशाक होने के साथ ही आसानी से कहीं भी कैरी किया जा सकता है। घर पर रहने पर इसे साधारण कपड़ों की तरह तो बाहर स्टाइलिश और ट्रेडिशनल आउटफिट की तरह भी पहने मिल जाती हैं। अक्सर कुर्ते के साथ लड़कियां सलवार की जगह जींस, पैंट, प्लाजो को पहनकर अपने लुक और स्टाइल में बदलाव करती रहती हैं। ऐसे में कई बार लड़कियां की सलवार वार्डरोब में ऐसे ही रखी रह जाती है और पुरानी हो जाती है। लेकिन अगर आप अपनी पुरानी सलवार को दोबारा इस्तेमाल करना चाहते हैं तो यहां आपको कुछ स्टाइलिश टिप्स दिए जा रहे हैं। पुरानी सलवार को स्टाइलिश स्कर्ट में बदलने के टिप्स नोट कर लें।

**सलवार से स्कर्ट बनाने के आसान टिप्स**-सबसे पहले सही सलवार का चुनाव करें, जिसकी डिजाइन और प्रिंट स्कर्ट बनने पर अच्छी लग सकती है। अब सलवार को उल्टा करके अपनी नाप के हिसाब से चौक की मदद से निशान लगा लें। निशान के मुताबिक कुछ जगह छोड़ते हुए सलवार की कटिंग करें। अगले स्टेप्स में सलवार के कपड़ों को जोड़ते हुए सिलाई करनी है। टुकड़ों को एक साथ रखते हुए किनारों पर सिलाई मशीन से सिलाई कर लें। अगर आप कटिंग और सिलाई में अच्छे नहीं हैं तो किसी टेलर या बुटीक में भी अपनी डिजाइन के मुताबिक सलवार को स्कर्ट में बदल सकते हैं।

**साधारण स्कर्ट**-इन दिनों प्लीटेड स्कर्ट काफी ट्रेंड में है। ऐसे में अगर आपके पास साधारण सलवार है तो आप उसे प्लीटेड स्कर्ट में बदल सकते हैं। अपनी पुरानी सलवार के नीचे के हिस्से की सिलाई को खोल दें और ऊपर से सलवार की बेल्ट को अलग कर दें। अब सलवार के नीचे के दोनों हिस्सों को आपस में जोड़ते हुए फिटिंग के हिसाब से दोनों हिस्सों में सिलाई करा लें। ऊपर से भी सलवार की बेल्ट को स्कर्ट के मुताबिक जोड़ लें।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स नकलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

हरिद्वार। उत्तराखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के नेतृत्व पर आंगनबाड़ी वर्कर्स ने कलेक्ट्रेट भवन पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। अपने पूर्व निधारित कार्यक्रम के अनुसार काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री रोशनाबाद स्थित कोर्ट क्षेत्र में एकत्रित हुईं और उत्तराखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला खत्री के नेतृत्व में नारेबाजी कर एडीएम को ज्ञापन सौंपा। उत्तराखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला खत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर्स से सरकार बहुत काम लेती है, जबकि उन्हें सिर्फ मानदेय दिया जा रहा है। लंबे समय से राजकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग आंगनबाड़ी वर्कर्स द्वारा उठाई जा रही है। जिसके लिए पिछले 20 फरवरी से आंगनबाड़ी वर्कर्स और सहायिकाओं ने कार्य बहिष्कार भी कर रखा है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक ऐसे ही कार्य बहिष्कार जारी रहेगा और आने वाले पोलियो मुक्त अभियान और लोकसभा चुनाव की ड्यूटी को भी आंगनबाड़ी वर्कर्स द्वारा नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक यह मांगे पूरी नहीं होती, तब तक आंगनबाड़ी वर्कर्स कार्य नहीं करेंगी।



# 17 लाख लोगों को रोजगार देने का ऐलान, मोदी कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर



**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की गुरुवार को बैठक हुई जिसमें कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई गई। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि मोदी कैबिनेट ने आगामी खरीफ सत्र 2024 के लिए फॉस्फोरस और पोटाश (पीएन्डके) उर्वरकों के लिए पोषण तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) की दरें गुरुवार को तय कीं। खरीफ सत्र में सरकार द्वारा इसके लिए बजट से 24,400 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दिए जाने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की गुरुवार को यहां हुई बैठक में पीएन्डके उर्वरकों पर एनबीएस की दरें निर्धारित करने के साथ-साथ उर्वरकों की तीन नई श्रेणियों को भी पोषण आधारित सब्सिडी योजना के अन्तर्गत लाने का फैसला किया गया है। बैठक के बाद जारी विज्ञप्ति के अनुसार, खरीफ सत्र 2024 के लिये इस योजना के तहत बजट से करीब 24,420 करोड़ रुपये की सहायता की जरूरत पड़ेगी। खरीफ फसल सत्र हर वर्ष पहली अप्रैल से 30 सितंबर तक चलता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस निर्णय से किसानों को आगामी खरीफ सत्र में फसलों के लिये उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की होगी। सरकार का कहना है कि एनबीएस योजना में उर्वरकों की तीन नयी श्रेणियों को शामिल किये जाने से किसानों को उर्वरकों के चयन के और विकल्प उपलब्ध होंगे तथा खेतों की ओर उर्वरता बनाये रखने में मदद मिलेगी।

सरकार का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और उर्वरकों के उत्पादन में लगने वाली सामग्री की कीमतों में हाल के परिवर्तन को देखते हुये, एनबीएस की दरों की समीक्षा की गयी हैं। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने रोग नियंत्रण और महामारी निपटने की तैयारी के लिये राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य मिशन का नेतृत्व करने के वास्ते नागपुर के 'राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान' के निदेशक के पद के सृजन को स्वीकृति प्रदान की है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले केंद्र सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। मोदी सरकार ने 17 लाख लोगों को रोजगार देने की घोषणा की। साथ ही कैबिनेट की बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बृहस्पतिवार को यहां हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नागपुर के राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक के रूप में वैज्ञानिक एच (वेतन स्तर 15 में) के स्तर पर एक पद के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जो मिशन निदेशक के रूप में भी काम करेगा।

# निशानेबाज अर्जुन ने लगातार दो ट्रायल जीते, आशी ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर तोड़ा



**भोपाल ।** भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाजों ने ग्रुप ए के लिए चल रहे राष्ट्रीय राइफल/पिस्टल चयन ट्रायल में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा है, जिसमें पेरिस कोटा धारक अर्जुन बाबूटा ने लगातार ट्रायल जीते और एशियाई खेलों की ट्रिपल पदक विजेता आशी चौकसे ने जीत के रास्ते में विश्व रिकॉर्ड स्कोर को तोड़ा।

अर्जुन ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी4 फाइनल में 252.5 का स्कोर किया, जो दिव्यांश के विश्व रिकॉर्ड (253.7) से सिर्फ 1.2 कम है, जिसे उन्होंने टी3 ट्रायल जीतने से पहले मंगलवार को बराबर किया था। तमिलनाडु के श्री कार्तिक सबरी राज (252.2) ने टी3 मैच में अपने तीसरे स्थान में सुधार करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि राजस्थान के यश वर्धन 230.8 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

महिलाओं की 25 मीटर एयर पिस्टल टी4 में, पूर्व एशियाई खेलों की चैंपियन राही सरनोबत फाइनल में 33 के स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहीं, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 583 स्कोर किया था। पंजाब की जसप्रीत कौर 30 हिट के साथ दूसरे स्थान पर रहीं जबकि एयर इंडिया की अन्नू राज सिंह (27) तीसरे स्थान पर रहीं।

स्थानीय स्टार आशी चौकसे ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) टी4 स्पर्धा में शानदार क्वालिफिकेशन राउंड के साथ रेंज में आग लगा दी। उसने दूसरी प्रोन पोजीशन में केवल एक अंक और अंतिम स्टैंडिंग पोजीशन में केवल दो अंक गंवाकर 597 का आश्चर्यजनक स्कोर बनाया। नॉर्वे की जेनी स्टेन और यूएसए की सेगेन मैडालेना द्वारा संयुक्त रूप से रखे गए वर्तमान विश्व रिकॉर्ड से एक अंक आगे था। उन्होंने अपने आत्मविश्वास से फाइनल में आसान जीत दर्ज की, उनका 461.8 अंक केरल की विदरसा विनोद के 457.5 से काफी आगे था। हरियाणा की हिमानी पूनिया तीसरे स्थान पर रहीं। यह दो दिनों में विदरसा का दूसरा स्थान था।

# धर्मशाला टेस्ट में केएल राहुल की वापसी पर सस्पेंस



**नईदिल्ली ।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे टेस्ट सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच में केएल राहुल की वापसी पर संशय बरकरार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह इलाज के लिए लंदन गए हैं। सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मैच धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा। वहीं, इस मैच से पहले केएल राहुल की वापसी को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट से पहले बीसीसीआई ने एक बयान में कहा था कि राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के कारण मैच नहीं खेल पाएंगे। लेकिन, ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि राहुल इस समय जाँघ के सामने के हिस्से में चोट के लिए एक विशेषज्ञ से परामर्श लेने के लिए लंदन में हैं। इस कारण उन्हें हैदराबाद में श्रृंखला के शुरुआती मैच के बाद एक्शन से बाहर होना पड़ा। सीरीज के पहले मैच में राहुल ने 86 और 22 रनों की पारियाँ खेली थी। पहले मुकाबले में ही उन्होंने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद राहुल को दूसरे टेस्ट में आराम दिया गया था। वहीं, तीसरे टेस्ट से पहले खबर आई थी कि स्टार बल्लेबाज 90 प्रतिशत फिट हो चुके हैं। हालांकि, चौथे टेस्ट में भी वह टीम का हिस्सा नहीं बन सके। अब पांचवे और अंतिम टेस्ट में उनकी फिटनेस को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

# जल्द घोषित होंगे कांग्रेस के प्रत्याशी

**भोपाल ।** कांग्रेस लोकसभा चुनाव



की घोषणा यानी आचार संहिता लागू होने के पहले मध्य प्रदेश में कुछ प्रत्याशी घोषित कर सकती है। सके लिए 29 लोकसभा सीटों के लिए नियुक्त समन्वयकों ने पार्टी पदाधिकारियों से रायशुमारी कर रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी जितेंद्र सिंह को सौंप दी है। अधिकांश सीटों पर दो से अधिक नाम सामने आए हैं। इस रिपोर्ट को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श किया जा रहा है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बाद दिल्ली में एक बार और स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी, जिसमें नामों को अंतिम रूप देकर केंद्रीय चुनाव समिति को भेज दिया जाएगा। पार्टी सूत्रों का कहना है कि छिंदवाड़ा और बैतूल लोकसभा क्षेत्र ही ऐसे हैं, जहां चुनाव लडने के लिए एक-एक नाम ही प्रस्तावित है। जबलपुर में भी पहले यही स्थिति थी। यहां से महापौर जगत बहादुर सिंह को चुनाव लड़वाने पर एक राय थी लेकिन वह पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। समन्वयकों ने लोकसभा क्षेत्रों में जाकर जिलाऔर ब्लाक इकाई, वर्तमान और पूर्व सांसद-विधायक, जिला व जनपद पंचायत के निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ सहयोगी संगठनों के अध्यक्ष उपाध्यक्षों से चर्चा के बाद संभावित प्रत्याशियों को लेकर यह रिपोर्ट तैयार की है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी 16 लोकसभा क्षेत्रों के पार्टी नेताओं से चर्चा कर चुके हैं।

# रूद्रनाथ यात्रा से पूर्व व्यवस्थाओं को लेकर डीएम ने ली बैठक



**चमोली (सू.का)।** चतुर्थ केदार श्री रूद्रनाथ धाम की यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंदिर के पुजारियों, हक हकूक धारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। इस वर्ष भगवान रूद्रनाथ मंदिर के कपाट 18 मई को खुलेंगे। जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ मिलकर रूद्रनाथ पैदल मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मार्ग में क्षतिग्रस्त स्थलों को चिन्हित करें और ऐसे स्थलों पर प्राथमिकता से मार्ग सुधारीकरण का कार्य किया जाए। रूद्रनाथ पैदल मार्ग लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए पंचगंगा के निकट रैन सेल्टर और यात्रा मार्ग पर साइनबोर्ड लगाए जाए।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि रूद्रनाथ में बर्फ पिघलने के बाद रूद्रनाथ पेयजल योजना का अवशेष कार्य तेजी से पूरा करें। प्रमुख स्थानों पर सोलर लाइट की व्यवस्था की जाए। पैदल मार्ग में स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था के लिए ईडीसी का गठन किया जाए। यात्रा मार्ग पर प्लास्टिक सामान को प्रतिबंधित करने के लिए व्यवस्था बनाई जाए। नेटवर्क कंपनियों के माध्यम से दूरसंचार व्यवस्था को सुदृढ़ कराया जाए। बैठक में सुरक्षित यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर मंदिर के पुजारी, हक हकूधारियों एवं ग्राम वासियों के सुझाव भी लिए गए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, डीएफओ अभिमन्यु, सीओ पुलिस प्रमोद शाह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी बृजेन्द्र पांडेय, डीडीएमओ एनके जोशी, रूद्रनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी जर्नादन प्रसाद तिवारी, वेद प्रकाश भट्ट, हक हकूकधारी सत्येन्द्र रावत, देवेंद्र सिंह बिष्ट आदि सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# ईडी ने की लक्ष्मी राणा से लंबी पूछताछ

**देहरादून, ब्यूरो।** बहुचर्चित पाखरो सफारी घोटाले में आज आरोपितों में से एक लक्ष्मी राणा से ईडी के अधिकारियों द्वारा लंबी पूछताछ की गई जबकि गुरूवार को डा. हरक सिंह को भी ईडी कार्यालय में पेश होना था लेकिन वह नहीं आए। बताया जाता है कि उन्होंने राजनीतिक कामों में व्यस्तता का हवाला देकर बाद में आने को कहा है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों ईडी द्वारा डा. हरक सिंह और वन विभाग के कुछ अधिकारियों सहित उनके कुछ सहयोगियों के 16 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी, जिसमें 110 करोड़ की नगदी और कई जमीनों की खरीद फरोख्त के कागजात तथा करोड़ों की ज्वेलरी और विदेशी मुद्रा ईडी ने बरामद की थी। करोड़ों रुपए के घोटाले का यह मामला 2019-20 का है तथा उस समय डा. हरक सिंह भाजपा सरकार में वन मंत्री थे। उल्लेखनीय है कि बीते कल ईडी ने वन विभाग के अधिकारी सुशांत पटनायक से पूछताछ की थी। इस छापेमारी में सबसे अधिक रकम उनके ही घर से बरामद हुई थी। छापेमारी की जद में उत्तरकाशी की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी राणा भी आ गई थी, जिन्हें डा. हरक सिंह का करीबी बताया जाता है। उनके ठिकानों से ईडी को 45 लाख रुपए की ज्वेलरी आदि बरामद हुई थी। लक्ष्मी राणा आज सुबह 10 बजे ईडी के कार्यालय पहुंची जहां ईडी के अधिकारियों द्वारा उनके पास से बरामद संपत्ति को लेकर लंबी पूछताछ की गई। समाचार लिखे जाने तक यह पूछताछ जारी थी।

# बनभूलपुरा हिंसा के मास्टरमाइंड का बेटा मोइद दिल्ली से गिरफ्तार



**हल्द्वानी, ब्यूरो।** बनभूलपुरा हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद को उत्तराखंड पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। उसे उत्तराखण्ड लाया जा रहा है।

गौर हो कि बीती आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक के बगीचे में अवैध मदरसा और धर्मस्थल ढहाने गई पुलिस और प्रशासन की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया था। पथराव में सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, रामनगर कोतवाल समेत 300 से अधिक पुलिसकर्मी और निगमकर्मी घायल हो गए। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाना भी फूंक दिया। पुलिस की जीप, जेसीबी, दमकल की गाड़ी दोपहिया समेत 70 से अधिक वाहन फूंक दिए गए। आंसू गैस के गोले दागने और लाठी चार्ज के बाद भी जब हालात काबू में नहीं आए, तो सबसे पहले अधिकारी जान बचाने के लिए मौके से भागे। पुलिस व निगम टीम जैसे-तैसे वहां से निकली। प्रशासन ने उपद्रवियों को देखते ही पैर में गोली मारने के आदेश दिए हैं। पिता-पुत्र समेत छह लोगों की गोली लगने से मौत हो गई थी। हल्द्वानी हिंसा में करोड़ों की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। हिंसा के बाद से पुलिस लगातार उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए कार्रवाई कर रही है। हिंसा के बाद से अब्दुल मोईद फरार चल रहा था, जिसके बाद अब अब्दुल मोईद को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।

# फार्मा फैक्टरी में छापा, नकली दवाओं का शक, पूछताछ जारी

**कोटद्वार, ब्यूरो।** नकली दवाओं को बनाने और बेचने के मामले में कोटद्वार में बुधवार शाम को तेलंगाना के ड्रग इंस्पेक्टर की अगुवाई में एक टीम ने स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सिगड्डी सिडकुल में एक फार्मा फैक्टरी में छापा मारा। टीम गुरूवार को भी यहीं डटी है। नकली दवाइयां के आशंका में पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि तेलंगाना में कुछ नकली दवाइयों की खेप पकड़ी गई है जिसके तार कोटद्वार के सिगड्डी सिडकुल की एक फैक्टरी से जुडे बताए जा रहे हैं। बीते वर्ष सितंबर माह में गाजियाबाद में भी कोटद्वार से नकली दवाइयों की खरीद फरोख्त की बात सामने आई थी। तब वहां की पुलिस ने चार सप्लायरों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में नकली दवा बरामद की थी। पूछताछ में आरोपियों ने कोटद्वार में ही नकली दवाओं के बनने की बात स्वीकारी थी।क फैक्टरी को खंगालती रही। हालांकि यहां से टीम के हाथ क्या लगा यह जानकारी अभी गुप्त रखी गई है।

# भाजपा के प्रकोष्ठ संयोजकों व सह संयोजकों का स्वागत किया

हरिद्वार, संवाददाता। शिवालिकनगर नगर पालिका परिषद के निवृतमान अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों के नवनियुक्त संयोजक व सह संयोजको का शिवालिक नगर में स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजीव शर्मा ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। सभी को इस पर गर्व होना चाहिए। सभी मिलकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और आने वाले लोकसभा व निकाय चुनाव में भाजपा को प्रचण्ड विजय दिलाएंगे।

उन्होंने कहा कि पार्टी व पदाधिकारियों की पहचान कार्यकताओं से होती है। इसलिए अपनी कार्यशैली से समाज के हर व्यक्ति को सम्मान दें। कार्यक्रम में नवनियुक्त लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक अवधेश राय, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ सह संयोजक मुदित शर्मा, व्यवसायिक प्रकोष्ठ संयोजक मनोज गौतम व खेलकूद प्रकोष्ठ संयोजक योगेश शर्मा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी, मंडल उपाध्यक्ष रितु ठाकुर, कोषाध्यक्ष मोहित शर्मा, अर्जुन चौहान, दीपक नौटियाल, लज्जेराम शर्मा, भानू प्रताप, वेदांत चौहान, दीपिका शर्मा, भागेश्वरी, प्रमोद डोभाल, प्रणय चौरसिया, राजेश बालियान, दिनेश चौहान, जुगनेश शर्मा, शुभलक्ष्मी बेरा, कल्पना कुशवाहा, रणविजय पांडेय, अजय सिंह, अनुज शर्मा, अनूप सिंह, अशोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चरस समेत गिरफ्तार किया

हरिद्वार। थाना बहादराबाद पुलिस ने एक आरोपी को चरस समेत गिरफ्तार किया है। अवैध रूप से चरस, स्मैक, शराब, गांजा आदि की तस्करी और बिक्री का धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सल्फर मोड़ शान्तरशाह से गिरफ्तार किए गए गुलबहार पुत्र बसीर निवासी बढेडी राजपुतान के कब्जे से 88 ग्राम चरस बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में शान्तरशाह चौकी प्रभारी एसआई खेमेंद्र गंगवार, एसआई सुधांशु कौशिक, कांस्टेबल दिनेश चौहान व अंकित कुमार शामिल रहे।

# श्री वाल्मीकि समाज पंचायत कमेटी ने किया गुरू रविदास शोभायात्रा का स्वागत

हरिद्वार,संवाददाता। संत शिरोमणी रविदास मंदिर समिति कनखल द्वारा गुरू रविदास जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गयी भव्य शोभायात्रा का श्री वाल्मिीकि समाज पंचायत कमेटी ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा के बाल्मिीकि आश्रम पहुंचने पर वाल्मिीकि समाज पंचायत कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बाल्मिीकि आश्रम के महंत मानदास महाराज के संयोजन में गुरू रविदास की मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और श्रद्धालुओं को मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान महंत मानदास महाराज ने कहा कि संत शिरोमणी गुरू रविदास ने बिना भेदभाव के आपसी प्रेमभाव की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि संत रविदास के विचार और शिक्षाएं आडंबर छोड़कर सरल जीवन जीने की प्रेरणा देते है। संत शिरोमणि रविदास उन महान पुरुषों में से एक है। जिन्होंने समाज की धारा का रुख मोड़ दिया था। उनके दोहों और पदों से आम जनता को मार्गदर्शन मिला और उद्धार हुआ। सहृदयी स्वभाव के संत रविदास संत ने जीवन पर्यन्त तत्कालीन समाज में व्याप्त जाति प्रथा का विरोध किया और कर्म को महत्ता दी। संत रविदास की शिक्षाएं सदैव प्रासंगिक रहेंगी। स्वागत करने वालों में श्री वाल्मीकि समाज पंचायत कमेटी के अध्यक्ष आत्माराम बेनीवाल, अशोक तेश्वर, नाथीराम पेवल, जगदीश वैद, नीरज छाछर, अशोक वैद, सोनू चंचल, उमेश कुमार, लवकेश चंचल, चंद्रभान, चेतराम तेश्वर, भभूतिराम तेश्वर, शिव प्रसाद छाछर, सुभाष तेश्वर, संजू चंचल, छोटू, जानू पेवल, अजय वैद आदि शामिल रहे।

# गुलदार के हमले के पीड़ित परिवार को दिया 6 लाख रुपए मुआवजा

**देहरादून ब्यूरो।** गुलदार के हमले से पीडित परिवार को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने छह लाख रूपये मुआवजा राशि का चेक दिया।

मंगलवार को यहां कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मालसी रेंज के अन्तर्गत गल्जवाडी बीट के क्षेत्रान्तर्गत स्थित मराड़ी तोक गुर्जर बस्ती में गुलदार हमले के पीड़ित परिवार जनों को कैंप कार्यालय में 06 लाख रुपए की मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा 04 लाख रुपए केंद्र सरकार तथा 02 लाख रुपए राज्य सरकार सरकार की तरफ से कुल 06 लाख रुपए की मुआवजा राशि पीड़ित परिवार वालों को दिया गया है। उन्होंने कहा संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। इस अवसर पर बच्चे के पिता मीरहमजा, जोसफ, गुलाम रसूल, इब्राहिम, ग्राम प्रधान लीला शर्मा, ग्राम पंचायत सदस्य राजीव, आईएफएस डीएफओ देहरादून नितीश मणि त्रिपाठी, रेंज अधिकारी सतवेंदर पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नाजायज सम्बन्धों को छुपाने के लिए कलियुगी बहू ने ही की थी सास की हत्या, प्रेमी सहित गिरफ्तार

हरिद्वार। बुर्जुग महिला की हत्या मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने वृद्धा की बहु को ही प्रेमी सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कलियुगी बहू ने ही अपने नाजायज सम्बन्धों को छुपाने के लिए प्रेमी संग मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती 15 फरवरी को ग्राम अकबरपुर फाजिलपुर थाना झबरेडा निवासी सोनू कुमार ने अपनी मां सावित्री देवी को घेर में मृत अवस्था में पाया। अन्तिम संस्कार से पूर्व शव को नहलाने की प्रक्रिया के दौरान गले में फंदे के निशान पाए जाने पर मामला संदेहास्पद होने के चलते पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा व पीएम की कार्यवाही की गयी। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार करने के साथ ही संदिग्ध प्रकरण की जांच में जुटी टीम की पड़ताल में सामने आया कि मृतका के बेटे-बहु के बीच काफी समय से अनबन है, साथ ही बहु के किसी अन्य पुरुष के साथ प्रेम संबंध भी थे। बहु-बेटे के झगड़ो से अजीज आकर मृतका घर से करीब 200-400 मीटर की दूरी पर स्थित घेर पर अकेले निवास कर रही थी।

एसएसपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि मृतका की मौत गला घोटने से हुई है। जिस पर पुलिस ने मृतका की बहू से पूछताछ शुरू कर दी गयी। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि शादी के 5 साल होने के बाद भी मृतका की बहु विगत काफी समय से मां नही बन पा रही थी जिसका इलाज देहरादून और हरिद्वार के अस्पतालों से चल रहा था लेकिन कोई भी सकारात्मक रुझान नही मिला। इसी दौरान आधार कार्ड में बदलाव कराते समय बहु, आधार कार्ड सेन्टर में कार्यरत जौनी नाम के युवक के संपर्क में आयी। यह पहचान धीरे-धीरे प्रेम एवं अवैध सम्बन्ध में बदल गई जिसकी जानकारी मृतका को हो गयी थी। सास द्वारा बदनाम करने का डर दिखा कर कथित प्रेमी से सम्बन्ध तोडने के लिए लगातार मजबूर करने पर इन सब चीजों से छुटकारा पाने के लिए बहु ने ये खौफनाक कदम उठाया।

उन्होंने बताया कि हत्या के लिए बहु और उसके प्रेमी (जौनी) ने योजना तैयार की जिसमें बहु ने 14 फरवरी को जाकर चुपके से अपनी सास के घेर के दरवाजे की कुंडी तोड दी और प्रेमी जौनी द्वारा उपलब्ध करायी गई नींद की गोलियां खाने में मिलाकर सास को दे दी। 14 फरवरी को ही परिवार में शादी का संगीत का कार्यक्रम था। रात 11.30 बजे संगीत कार्यक्रम खत्म होने पर बहु अपनी सास के घेर के अंदर गयी और चुपके से दरवाजे से अंदर आ गई और नींद के आगोश में सोई हुई सास का उसी के दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने हत्यारोपी बहु और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर उनके पास से हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा व नशे की गोलियां भी बरामद की है।

# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने की खेल विभाग की समीक्षा



देहरादून (ब्यूरो)। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विधानसभा भवन में खेल विभाग के साथ पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, मुकिरेती टिहरी तथा इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, हल्द्वानी में लाइटिंग के कार्यों की समीक्षा की। सीएस राधा रतूड़ी ने पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, मुनि की रेती में बहुउद्देशीय भवन को पहाड़ी वास्तुकला से निर्मित एवं सुसज्जित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, हल्द्वानी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हाई डेफिनिशन टेलीविजन प्रसारण के लिए डीएमएक्स इंटीग्रेटेड एलईडी फ्लड लाइट की एसआईटीसी के कार्यों की भी समीक्षा की।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने खेल विभाग को राज्य में खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यों को मिशन मोड पर जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सीएस ने कहा कि राज्य में विकसित खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर उत्तराखण्ड में प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के साथ ही भविष्य में दीर्घ अवधि तक राज्य के खिलाड़ियों तथा युवाओं को लाभान्वित करेगा। बैठक में विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव अरविन्द सिंह हयांकी, अपर सचिव विजय कुमार जोगदण्डे तथा जितेन्द्र कुमार सोनकर सहित खेल एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्पीकर ने कोटद्वार की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश



देहरादून (संवाददाता)। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने स्वास्थ्य मंत्री सहित स्वास्थ्य सचिव के साथ कोटद्वार की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु बैठक की। उत्तराखंड पंचम विधानसभा की इन दिनों बजट सत्र चल रहा है, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने बजट सत्र के मध्य अपने विधानसभा भवन स्थित कार्यालय कक्ष में उत्तराखंड स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत और स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार के साथ संयुक्त रूप से बैठक की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य सचिव सहित मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कोटद्वार की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु जरूरी सुझाव एवं दिशा निर्देश दिए।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत को विधानसभा कोटद्वार में मेडिकल कालेज की नितांत आवश्यकता को लेकर ज्ञापन सौंपा।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि कोटद्वार गढ़वाल का प्रवेश द्वार है यहां की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु मेडिकल कॉलेज की भारी आवश्यकता है उन्होंने कहा कि जनपद पौड़ी के श्रीनगर स्थित मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं काफी बोझ बढ़ गया है जिस कारण कोटद्वार वासी श्रीनगर स्थित मेडिकल कॉलेज का लाभ नहीं उठा पाते। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि कोटद्वार के भाबर क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज हेतु भूमि भी हस्तांतरित हो चुकी थी परंतु किसी कारणवश उस पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना नहीं हो पाई थी। विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने विधानसभा अध्यक्ष को कोटद्वार की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु पूर्ण रूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार बेस हॉस्पिटल में स्टाफ और डॉक्टरों की कमी से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत करवाया विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि कोटद्वार बेस हॉस्पिटल के पास इंफ्रास्ट्रक्चर की कोई कमी नहीं है परंतु डॉक्टर की कमी के कारण कोटद्वार वासियों को स्वास्थ्य सेवाओं का पूर्ण लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं उन्होंने कोटद्वार बेस हॉस्पिटल में स्टाफ और डॉक्टरों की नियुक्ति करने हेतु आग्रह किया।

# अजय गर्ग बने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

हरिद्वार, संवाददाता। भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल ने अजय गर्ग को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का जिला संयोजक मनोनीत किया है। अजय गर्ग ने भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल का आभार जताया और कहा कि व्यापारियों को संगठित करने का काम किया जाएगा। व्यापारी सदैव ही शासन प्रशासन का सहयोग करते हैं। अजय गर्ग ने कहा कि भाजपा की रीति नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे।

व्यापारियों के हितों के संरक्षण संवर्द्धन में योगदान करते हुए संगठन द्वारा सौंपी गयी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे। व्यापारियों के समक्ष आने वाले परेशानियों और समस्याओं को संगठन के माध्यम से हल कराया जाएगा। मनोज खन्ना, अनिल गुप्ता, गौरव गुप्ता, गगन गुप्ता, संदीप गुप्ता, समीर गुप्ता, सचिन अग्रवाल, अरूण खन्ना, अमित गर्ग आदि ने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोनीत किए गए अजय गर्ग का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।

# कमल ज्वेलर्स-ब्लेंडर्स प्राइड मिस उत्तराखंड के तहत फ्रेश फेस सब टाइटल का आयोजन

देहरादून, ब्यूरो। सिनमिट कम्युनिकेशन्स की ओर से आयोजित कमल ज्वेलर्स- ब्लेंडर्स प्राइड मिस उत्तराखंड-2024 के मिस फ्रेश फेस सब-टाइटल का आयोजन किया गया, जिसमें 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सब कांटेस्ट का रिजल्ट ग्रैंड फिनाले के दिन ही घोषित किया जाएगा। गुरुवार को ऐस्लेहॉल स्थित कमल ज्वेलर्स में मिस फ्रेश फेस का आयोजन हुआ। इसके साथ ही ब्यूटीफुल आई और ओसम लेग्स सबटाइटल भी इस मौके पर हुए। जिसके लिए तीन अलग अलग राउंड में प्रतिभागियों ने खूबसूरत कैट वॉक की। साथ ही जजेज को अपना इंट्रोडक्शन भी दिया। वहीं कमल ज्वेलर्स में खरीदारी के लिए पहुंचे लोग वहां बैठकर मॉडल्स की वॉक देखने लगे। इस दौरान देहरादून सहित हल्द्वानी, हरिद्वार, ऋषिकेश, पौड़ी और रुड़की की लड़कियों ने कैट वॉक की। हर कोई अपनी स्किन की खास केअर करते हुए यहां पहुंचा हुआ था। इस मौके पर सिनमिट कम्युनिकेशन्स के डायरेक्टर और आयोजक दलीप सिंधी और राजीव मित्तल ने बताया कि प्रतिभागियों की लगातार ग्रूमिंग के बाद अलग-अलग सब टाइटल्स को लेकर कांटेस्ट कराए जाएंगे। इसके बाद ही मिस उत्तराखंड-2024 का ग्रैंड फिनाले होगा। जो कि मार्च में आयोजित होगा। बताया कि कांटेस्ट कमल ज्वैलर्स और ब्लेंडर्स प्राइड की ओर से प्रेजेंट किया जा रहा है। साथ ही हयात सेंट्रिक, न्यू इरा और इंस्पिरेशन पीआर की ओर से विशेष सहयोग किया जा रहा है।

स्वामी,मुद्रक व प्रकाशक अवनीश कुमार द्वारा भगवती प्रिंटर्स,इण्डस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार से छपवाकर ग्रा. बसवाखेड़ी पो. मंगलौर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया।
सम्पादक: अवनीश कुमार, मो0 9410553400
ई-मेल: liveskgnews@gmail.com
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरिद्वार न्यायालय में ही होगा)
सभी लेखों में सम्पादक की सहमति जरूरी नही है।